an>

Title: Need to construct a railway line from Dildarnagar (U.P.) to Sasaram (Bihar) via Nuanv-Kochas-Kargahar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) ः गोरखपुर से दिलदार नगर वाया नुऑव-कोचस-करगहर होते हुए सासाराम नई रेल लाईन की अति आवश्यकता है। सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ कि सासाराम शहर एक ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व का विश्व धरोहर वाला शहर है तथा एक बड़ा व्यापारिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र है। परन्तु, दिलदार नगर (उ.प्र.) से नुऑव-कोचस-करगहर-सासाराम जंक्शन तक रेल के अभाव में इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास प्रतीक्षित है।

सरकार को बताना चाहूँगा कि नई रेल लाइन के निर्माण से गोरखपुर से मऊ-गाजीपुर-दिलदार नगर (उ.प्र.) वाया नुऑव-कोचस-करगहर-सासाराम होते हुए गढ़वा रांची-भुवनेश्वर-कटक-विशाखापट्टनम-विजयवाड़ा-हैदराबाद-सिकन्दराबाद-चैन्नई-बैंगलुरू जाना काफी आसान हो जायेगा तथा यात्री सुविधा एवं समय की बचत के साथ-साथ रेलवे को भी काफी मुनाफा होगा।

अतः विशेऐ आग्रह है कि उपर्युक्त नई रेल लाईन का निर्माण कराने की शीघ्र कार्रवाई की जाये जिससे इन क्षेत्रों के लोगों का सपना साकार हो सके।